दैनिक भास्कर 07/02/2024

जीएमएन कॉलेज में कराया मॉक साक्षात्कार

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के छात्रों को प्लेसमेंट ड्राइव में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास से लैस करने के उद्देश्य से मॉक साक्षात्कारों की श्रृंखला का आयोजन किया। अंग्रेजी विभाग से महक तलवार के नेतृत्व में कार्यक्रम करवाया गया। साक्षात्कार कर्ताओं के पैनल में प्रभारी प्लेसमेंट सैल से डॉ. अनुपमा सिहाग, प्रभारी परामर्श व मार्गदर्शन प्रकोष्ठ डॉ. केके पुनिया, अंग्रेजी विभाग से कमलेश कुमारी, प्रबंधन विभाग से डॉ. रवनीत कौर मौजूद रहीं। महक तलवार ने छात्रों के करियर पथ को आकार देने में व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया। मॉक साक्षात्कार सत्र छात्रों के संचार कौशल को निखारने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी साक्षात्कार तकनीकों को निखारने में सहायक साबित हुए।